‘कचरे से कंचन’के तहत वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का शलिान्यास

चर्चा में क्यों?

10 दसिंबर, 2021 को हरयिाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने जीवन को आसान बनाने के लयि आवश्यक ‘स्वच्छता’पर ध्यान केंद्रति करने के उद्देश्य से राज्य में ‘कचरे से कंचन’बनाने की प्रक्रयिा पर कार्य शुरू करते हुए गुरुग्राम के सेक्टर-14 के नगर नगिम कार्यालय तथा बंधवाड़ी में बनने वाले वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का शलिान्यास कयिा।

प्रमुख बदुि

- उन्होंने बंधवाड़ी में बनने वाले वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का उल्लेख करते हुए कहा कि इस प्लांट के स्थापति होने से गुरुग्राम दुनयिा के सुंदर शहरों की श्रेणी में शामलि होने की दशिा में अग्रसर होगा।
- इस वेस्ट टू एनर्जी प्लांट को ईकोग्रीन द्वारा स्थापति कयिा जाएगा तथा नरि्माण कार्य 2 साल में पूरा कयि जाने की योजना है। इस 15 मेगावाट क्षमता के प्लांट से रोज़ाना 6 लाख यूनटि बजिली का उत्पादन होगा। धीरे-धीरे जैसे-जैसे आबादी बढ़ेगी, प्लांट की क्षमता को भी बढ़ाया जाएगा।
- ईकोग्रीन द्वारा प्लांट की क्षमता को 15 मेगावाट से बढ़ाकर 25 मेगावाट करने के लयि आवेदन कयिा गया है, जसिकी प्रक्रयिा जारी है। प्लांट की क्षमता बढ़ने से और अधकि कूड़े का नषि्पादन कयिा जा सकेगा।
- गौरतलब है कि राज्य के सोनीपत ज़लि में भी 10 मेगावाट क्षमता के प्लांट द्वारा कचरे से बजिली का उत्पादन कयिा जा रहा है।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर नगिम कार्यालय अत्याधुनकि सुवधिाओं से सुसज्जति होगा, जसिके नरि्माण में 117 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। यह भवन 2 एकड़ भूमि में तैयार कयिा जाएगा, जसिमें व्यापार भवन भी बनाया जाएगा। नगर नगिम के 11 मंजलिा भवन में 600 लोगों के बैठने की क्षमता का सभागार भी बनाए जाने की योजना है।
- केंद्रीय राज्य मंत्री एवं गुरुग्राम से सांसद राव इंद्रजीत सहि ने बताया कि वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के चालू होने के बाद दोनों शहरों (गुरुग्राम व फरीदाबाद) की कचरे की समस्या दूर होगी तथा लोगों के जीवनस्तर में सुधार आएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/foundation-stone-of-waste-to-energy-plant-under-waste-to-kanchan